



# आपका व्यवसाय, आपका भविष्य!

अप्रवासी उद्यमियों हेतु व्यवसाय शुरू करने के लिए एक बुनियादी मार्गदर्शिका





## अभिस्वीकृति

**यह मार्गदर्शिका न्यूयॉर्क में आप्रवासी उद्यमियों को स्पष्ट जानकारी और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करने के प्रयास के हिस्से के रूप में न्यूयॉर्क इमीग्रेशन कोएलिशन और प्रैट सेंटर फॉर कम्युनिटी डेवलपमेंट द्वारा बनायी गई थी। न्यूयॉर्क इमीग्रेशन कोएलिशन की 'की टू द सिटी पहल (Key to the City Initiative)' के माध्यम से कैपिटल वन, NYC के युवा और सामुदायिक विकास विभाग, न्यूयॉर्क सिटी काउंसिल और स्पीकर के कार्यालय ने उदारतापूर्वक इस मार्गदर्शिका के प्रकाशन का वित्त पोषण किया है।**

अप्रैल 2019 में प्रकाशित

Sydney Céspedes, Sal Muñoz के समर्थन के साथ Ben Dodd द्वारा डिजाइन

June Lee द्वारा चित्रित


### न्यूयॉर्क इमीग्रेशन कोएलिशन (न्यूयॉर्क आप्रवासन गठबंधन)

न्यूयॉर्क इमीग्रेशन कोएलिशन एक गैर-लाभकारी संगठन है जो न्यूयॉर्क राज्य को एक मजबूत राज्य के रूप में देखता है जहाँ सभी लोगों का स्वागत किया जाता है, निष्पक्ष व्यवहार किया जाता है, और उन्हें उनके सपनों को पूरा करने का मौका दिया जाता है। कोएलिशन आप्रवासियों, सदस्यों और सहयोगियों को एक साथ जोड़ता है ताकि सभी न्यूयॉर्कवासी अपने कार्यों में सफल हो सकें।

### सामुदायिक विकास के लिए प्रैट केंद्र (Pratt Center for Community Development)

सामुदायिक विकास के लिए प्रैट केंद्र निम्न और मध्यम आय वाले समुदाय को अपने भविष्य की योजना बनाने और उसे प्राप्त करने में समर्थ बनाने के लिए शहरी नियोजन, अनुसंधान, नीति वकालत और छोटे व्यवसायों के लिए सहायता को एक साथ प्रस्तुत करता है ताकि सभी न्यूयॉर्कवासियों के लिए अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ सिटी का निर्माण किया जा सके।

# विषय-सूची


**एक व्यवसाय शुरू कर रहे हैं? आपको किन चीजों की जानकारी होनी चाहिए!** ........ 6
- इस मार्गदर्शिका का उपयोग कैसे करें ........ 6
- शुरुआत करते हैं ........ 7
- व्यावसायिक संरचना को चुनने के लिए सुझाव ........ 11

**6 व्यावसायिक संरचनाएं** ........ 15
- एकल स्वामित्व ........ 16
- सामान्य साझेदारी ........ 17
- सीमित साझेदारी ........ 19
- सीमित देयता कंपनी (LLC) ........ 21
- निगम ........ 23
- कार्यकर्ता सहकारी समिति ........ 26

**परिभाषाएं** ........ 27

**महत्वपूर्ण दस्तावेज** ........ 28

**संसाधन** ........ 29

# न्यूयॉर्क सिटी काउंसिल के स्पीकर, Corey Johnson, का एक संदेश

प्रिय न्यूयॉर्कवासियों,

हमारा प्यारा न्यूयॉर्क शहर जिसे हम सब बहुत प्यार करते हैं, वह हमारे आप्रवासी उद्यमियों के बिना कुछ भी नहीं होगा। श्रम बल में उच्च साझेदारी और व्यवसाय-स्वामित्व के साथ, आप्रवासी हमारी स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। वास्तव में, न्यूयॉर्क शहर के आधे व्यवसाय आप्रवासी सँभालते हैं और उन्होंने 2017 में शहर के सकल घरेलू उत्पाद में 228 बिलियन डॉलर का योगदान दिया। हालांकि, संभावित आप्रवासी व्यवसाय मालिकों की मदद करने के लिए विशेष रूप से लक्षित संसाधनों की संख्या बहुत कम है। मैं आप्रवासियों के स्वामित्व वाले बढ़ते व्यवसायों के क्षेत्र का समर्थन करने के लिए शहर द्वारा किए जाने वाले प्रयासों के टूलबॉक्स में इस संसाधन को समाहित करते हुए बहुत उत्साहित हूँ। यह सभी न्यूयॉर्कवासियों की सफलता के बीच में आने वाली बाधाओं को दूर करने के हमारे प्रयासों को सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ऐसे समय में जब संघीय सरकार मेहनती आप्रवासी न्यूयॉर्कवासियों के खिलाफ कदम उठा रही है, तब सिटी काउंसिल द्वारा इस मार्गदर्शिका के निर्माण में समर्थन देने पर मुझे गर्व है। "आपका व्यवसाय, आपका भविष्य (Your Business, Your Future)" आव्रजन, व्यवसाय और कर से सम्बंधित कानूनी विशेषज्ञों के साथ-साथ आप्रवासी सेवारत समूहों और उद्यमियों के साथ किए गए व्यापक परामर्श की परिणति है। कई मायनों में, यह अपनी तरह की अनूठी पहल है। यह मार्गदर्शिका व्यवसाय शुरू करने की इच्छा रखने वाले ऐसे सभी आप्रवासी न्यूयॉर्कवासियों के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा और सहायक जानकारी प्रदान करेगी जो व्यवसाय तो करना चाहते हैं, लेकिन आगे कौन-सा कदम उठाना है या यहाँ तक कि किस प्रकार का व्यवसाय शुरू करना है, इस बारे में अनिश्चित हैं।

यह मार्गदर्शिका न केवल न्यूयॉर्कवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है, बल्कि इस समय इसका प्रकाशन काउंसिल की ओर से एक मजबूत संदेश भेजता है कि यहाँ आप्रवासी न्यूयॉर्कवासियों का स्वागत है और हम शहर में किए गए उनके कई उल्लेखनीय योगदानों को महत्व देते हैं। मैं आशा करता हूँ कि यह मार्गदर्शिका सभी न्यूयॉर्कवासियों को अगला कदम उठाने के लिए प्रेरित करेगी!

सेवा में,



न्यूयॉर्क सिटी काउंसिल के स्पीकर
Corey Johnson (कोरी जॉनसन)

# कार्यकारी निदेशकों का एक संदेश

150 से भी अधिक वर्षों से, न्यूयॉर्क आप्रवासियों को अनेकों अवसर प्रदान करता आया है। और बदले में उन लोगों ने इसकी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया है। आप्रवासी, न्यूयॉर्क के श्रम बल का एक चौथाई हिस्सा हैं और वे स्थानीय राजस्व में अरबों डॉलर का योगदान देते हैं। आप्रवासी न केवल न्यूयॉर्क के श्रम बल को संचालित करते हैं, बल्कि वे इसे सक्रिय रूप से आकार भी देते हैं: न्यूयॉर्क शहर में 83,000 से अधिक व्यवसायों के मालिक आप्रवासी हैं, जो अधिकांश छोटे व्यवसाय के मालिक हैं।


किसी व्यवसाय को शुरू करने और एक सफल व्यवसाय को बनाए रखने में आप्रवासियों की सहायता करने के लिए, एक सुलभ संसाधन के रूप में इस मार्गदर्शिका को पेश करने पर न्यूयॉर्क इमीग्रेशन कोएलिशन और प्रैट सेंटर फॉर कम्युनिटी डेवलपमेंट को गर्व है। उद्यमियों को महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए समुदाय-आधारित समूहों, इंक्यूबेटर्स, छोटे व्यवसायों को दी जाने वाली सेवाओं और कानूनी प्रदाताओं का एक विशाल नेटवर्क है, लेकिन कुछ लोगों को यह सामग्री अनुप्रयुक्त भाषा में मिलती है।  यह समस्या सभी उद्यमियों के सामने आती है, लेकिन भाषा और सांस्कृतिक बाधाओं के कारण आप्रवासियों को विशेष रूप से इसका सामना करना पड़ता है।

यह मार्गदर्शिका कई भाषाओं में सुलभ जानकारी प्रदान करके अप्रवासियों के सामने आने वाली कुछ विशिष्ट बाधाओं को संबोधित करती है। इस शैक्षिक संसाधन से आप्रवासी समुदायों के लिए महत्वपूर्ण सहायक व्यवसाय सेवाएं प्रदान करने वाले न्यूयॉर्क के सामुदायिक साझेदारों को मदद मिलेगी। आप्रवासी उद्यमिता और उनके द्वारा किए जा रहे रोजगार सृजन का समर्थन न्यूयॉर्क के समग्र आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है और यह सभी न्यूयॉर्कवासियों के लिए अधिक अवसर प्रदान करेगा।

भवदीय,



Steve Choi (स्टीव चोई)
कार्यकारी निदेशक
न्यूयॉर्क आप्रवासन गठबंधन



Adam Friedman (एडम फ्रीडमैन)
कार्यकारी निदेशक
सामुदायिक विकास के लिए प्रैट केंद्र

# एक व्यवसाय शुरू कर रहे हैं? आपको किन चीजों की जानकारी होनी चाहिए!

## इस मार्गदर्शिका का उपयोग कैसे करें

आप्रवासी उद्यमिता इस देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। न्यूयॉर्क राज्य में, आत्मनिर्भर निवासियों में आप्रवासी व्यापारी मालिकों का 33.8% हिस्सा है, जो कुल व्यवसाय आय में 7.2 बिलियन डॉलर का योगदान देते हैं।[1] जबकि आप्रवासियों द्वारा व्यवसाय शुरू करने की संभावना अमेरिका में जन्मे नागरिकों की तुलना में दोगुनी है, परन्तु तब भी ऐसे आप्रवासी व्यवसाय मालिकों की सहायता के लिए विशेष रूप से समर्पित संसाधन बहुत कम हैं।[2]

**यह मार्गदर्शिका आप्रवासियों के आप्रवास की स्थिति से परे, सभी इच्छुक और वर्तमान आप्रवासी उद्यमियों के लिए बनायी गई है, ताकि उन्हें न्यूयॉर्क राज्य में अपना व्यवसाय शुरू करने और उसे संचालित करने के लिए उनके विकल्पों को समझने में मदद की जा सके।** यह मार्गदर्शिका एक सारांश के रूप में बनायी गई है और इसमें वह सब जानकारी शामिल है जो आपको सही व्यावसायिक संरचना का चयन करने, आपके व्यवसाय का गठन करने के लिए आवश्यक है और इसके साथ ही, इसमें आपके व्यवसाय को संचालित रखने के लिए आपके द्वारा दिए जाने वाले कुछ शुल्क और करों की जानकारी भी है।

इस मार्गदर्शिका में किसी विशेष उद्योग या पेशे के लिए आवश्यक लाइसेंस या परमिट जैसी आवश्यकताएं शामिल नहीं हैं। **मार्गदर्शिका में कानूनी या कर सलाह नहीं दी गई है।** आप्रवासी उद्यमियों को अपने व्यक्तिगत आप्रवास, व्यवसाय या कर आवश्यकताओं और प्रतिबंधों से सम्बंधित कानूनी सलाह लेने की सलाह दी जाती है। अधिक जानकारी के लिए, इस मार्गदर्शिका के संसाधन अनुभाग को देखें। इस मार्गदर्शिका में दी गई जानकारी अक्टूबर 2018 तक की है और यह अद्यतित नहीं की जाएगी।

1. "न्यूयॉर्क में अप्रवासी।" (04 अक्टूबर, 2017) अमेरिकी आप्रवासन परिषद। www.americanimmigrationcouncil.org/research/immigrants-in-new-york
2. “अप्रवासी उद्यमियों के स्वागत के लिए आर्थिक मामला।” (08 सितंबर, 2015) कॉफ़मैन फाउंडेशन। www.kauffman.org/what-we-do/resources/entrepreneurship-policy-digest/the-economic-case-for-welcoming-immigrant-entrepreneurs

# शुरुआत करते हैं

## स्वतंत्र ठेकेदार बनाम कर्मचारी? (और यह क्यों मायने रखता है)

कई आप्रवासियों को अमेरिका में अच्छी तनख्वाह वाली नौकरी पाने में बहुत परेशानी होती है। अपना व्यवसाय शुरू करने से अप्रवासियों को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिल सकता है। विशेष रूप से, यदि आप अमेरिका में एक कर्मचारी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत नहीं हैं, तो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने से आपको जीवनयापन में मदद मिल सकती है।

यह जानते हुए किसी ऐसे व्यक्ति को कार्य पर रखना जो अमेरिका में कार्य करने के लिए अधिकृत नहीं है, एक नियोक्ता के लिए गैर-कानूनी है। प्रत्येक नियोक्ता को किसी भी कर्मचारी को कार्य पर रखने से पहले यह सत्यापित करना जरुरी है कि वह कार्य करने के लिए अधिकृत है:

- फॉर्म I-9 भरना
- कर्मचारी के पहचान दस्तावेजों (जैसे सामाजिक सुरक्षा संख्या, ग्रीन कार्ड, पासपोर्ट, आदि) की जांच करना

किसी भी आप्रवासी को कार्य प्राधिकरण के बिना किसी व्यवसाय का मालिक बनने या स्व-नियोजित उद्यमी बनने से रोकने वाला कोई भी विशिष्ट संघीय या न्यूयॉर्क राज्य कानून नहीं है। एक स्व-नियोजित उद्यमी को कभी-कभी "स्वतंत्र ठेकेदार" भी कहा जाता है। स्वतंत्र ठेकेदारों को एक नया अनुबंध शुरू करते समय हमेशा अपने ग्राहकों के लिए फॉर्म I-9 भरने की आवश्यकता नहीं होती है। यदि आप इस मार्गदर्शिका में वर्णित अनुसार, अपने व्यवसाय का गठन एक अलग कानूनी इकाई के रूप में करते हैं, तो वह कानूनी इकाई स्वयं ही व्यवसाय का संचालन कर सकती है, जिसमें सामान और सेवाएं प्रदान करना और अनुबंध करना शामिल है।

व्यावहारिक मामले में, कई आप्रवासी अपनी आप्रवासन की स्थिति से परे, व्यवसाय शुरू करके जीवनयापन करने में सक्षम हैं। एक उद्यमी के रूप में, आपको व्यवसाय के संचालन के दौरान कर भुगतान सहित सभी कानूनों का पालन करना बहुत जरुरी है। इस बात का ध्यान रखें कि किसी व्यवसाय को शुरू करने के लिए सरकारी अधिकारियों और बैंकों में दस्तावेज़ जमा किए जाते हैं और यह अमेरिका से निर्वासन को नहीं रोक सकता है और न ही कानूनी स्थिति के लिए कोई मार्ग प्रदान करता है। हालांकि, कुछ मामलों में, आव्रजन कार्यवाही के दौरान न्यायाधीश व्यवसाय के स्वामित्व और करों के भुगतान पर अनुकूल रूप से विचार कर सकते हैं।

## कैसे पता करें कि आप एक स्वतंत्र ठेकेदार हैं

यह पता लगाना मुश्किल होता है कि आप एक स्वतंत्र ठेकेदार हैं या एक कर्मचारी हैं, इसलिए आपको सदैव अपनी विशिष्ट परिस्थितियों के बारे में कानूनी सलाह लेनी चाहिए।

स्वतंत्र ठेकेदार स्वयं के लिए व्यवसाय करते हैं और अपने ग्राहकों को वस्तुएं या सेवाएं प्रदान करते हैं। जितना ज्यादा आपका नियंत्रण इस बात पर होता है कि वस्तुओं या सेवाओं को कैसे प्रदान करना है और अपने व्यवसाय के वित्तीय पहलुओं को कैसे संभालना है, उतनी ही अधिक आपकी एक स्वतंत्र ठेकेदार होने की संभावना है और आप ग्राहक(कों) के कर्मचारी की श्रेणी में नहीं आएंगे। आपको अगले पृष्ठ पर कर्मचारी तथा स्वतंत्र ठेकेदार की स्थिति की तुलना करने वाले कुछ उदाहरणों की जांच-सूचियां मिलेंगी।

यदि आप अपने व्यवसाय के लिए एक अलग कानूनी इकाई का गठन करते हैं, तो कानूनी इकाई स्वयं ग्राहकों को वस्तुएं या सेवाएं प्रदान कर सकती है। सामान्य तौर पर, आपको एक कर्मचारी तब तक **नहीं** माना जाएगा, जब तक **आप अपने व्यवसाय के मालिक हैं और उस पर आपका नियंत्रण है**। इसी वजह से, यह सलाह दी जाती है कि जिन उद्यमियों के पास कार्य प्राधिकरण नहीं है:

- वे अपने व्यवसाय के सभी या एक बड़े हिस्से के मालिक बनें, और
- अपने व्यवसाय संचालन का नियंत्रण खुद करें।

# कर्मचारी या स्वतंत्र ठेकेदार?

मैं एक हाउसकीपर के रूप में कार्यरत हूं और विभिन्न ग्राहकों के लिए कार्य करता हूं। मेरी एक वेबसाइट है जो मेरे द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की कीमत बताती है। मुझे मेरी सेवा के लिए भुगतान किया जाता है, न कि प्रति घंटे वेतन के अनुसार। ग्राहक ऑनलाइन या फोन द्वारा अपॉइंटमेंट लेकर मेरी सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकते हैं। ग्राहक अपना सफाई का सामान और उपकरण देते हैं।

मैं सोमवार से शुक्रवार तक, सुबह 8 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक, एक परिवार के लिए हाउसकीपर के रूप में कार्य करता हूं। मैंने इस कार्य के लिए 15 डॉलर प्रति घंटे पर मोलभाव किया है और मैं अपने जीवनयापन की लागत को बनाए रखने के लिए हर साल धन की वृद्धि पर बातचीत करता हूं। मैं जिस परिवार के साथ कार्य करता हूं वह मुझे सभी सफाई सामग्री और सामान प्रदान करता है। वे मुझे कुछ निर्देशों के साथ एक नोट देते हैं जिसमें लिखा होता है कि मुझे उस दिन क्या कार्य करना है। सप्ताहांत पर, मैं कभी-कभी कुछ अतिरिक्त धन कमाने के लिए अन्य परिवारों के लिए भी कार्य करता हूं।





| | हाउसकीपर A | हाउसकीपर B |
|---|---|---|
| व्यवसाय के लिए एक स्थान | | ✓ |
| अपने संस्थान, सामग्री, उपकरण, सामान और कल-पूर्जों में महत्वपूर्ण निवेश | | |
| लाभ या हानि के वित्तीय जोखिम की तैयारी | | ✓ |
| अपने वेतन दर को निर्धारित करने या उसके लिए बातचीत करने की क्षमता | ✓ | ✓ |
| अपनी सहायता के लिए किसी व्यक्ति को कार्य पर रख सकते हैं | | ✓ |
| कार्य प्रस्तावों को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र हैं | | ✓ |
| अन्य ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर सकते हैं | ✓ | ✓ |
| कैसे, कब और कहाँ कार्य करना है इसपर आपका नियंत्रण है | | ✓ |
| | मैं एक कर्मचारी हूं | मैं एक स्वतंत्र ठेकेदार हूं |

# कर्मचारी या स्वतंत्र ठेकेदार?

मैं आवश्यकता पड़ने पर एक कंपनी के लिए अकाउंटेंट का कार्य करता हूं। आवश्यकता पड़ने पर कंपनी निर्धारित करती है कि मैं किस दिन और कितने समय तक कार्य करूंगा। मुझे सेवा पूरी होने पर भुगतान किया जाता है, न कि प्रति घंटे वेतन के अनुसार। भुगतान प्राप्त करने के लिए मैं कंपनी को एक चालान भेजता हूं। मैं कई अन्य कंपनियों के लिए इसी तरह के अकाउंटिंग का कार्य करता हूं। मैं अपने घर के कार्यालय से कार्य करता हूं और अपने कंप्यूटर का उपयोग करता हूं।

मैं कंपनी के लिए एक अकाउंटेंट के रूप में अंशकालिक रूप से सप्ताह में 30 घंटे कार्य करता हूं और मुझे साप्ताहिक वेतन मिलता है। मैं आमतौर पर अपने कंप्यूटर का उपयोग करके अपने घर से ही कार्य करता हूं। यदि मैं चाहूं, तो मैं जिस कंपनी के साथ कार्य करता हूं उसके साथ स्वास्थ्य लाभ के लिए साइन-अप कर सकता हूं। कभी-कभी जब मैं इस कंपनी के लिए कार्य नहीं कर रहा होता हूं तो मैं अन्य छोटी कंपनियों से कार्य ले लेता हूं।





| | अकाउंटेंट A | अकाउंटेंट B |
|---|---|---|
| व्यवसाय के लिए एक स्थान | ✓ | ✓ |
| अपने संस्थान, सामग्री, उपकरण, सामान और कल-पूर्जों में महत्वपूर्ण निवेश | ✓ | ✓ |
| लाभ या हानि के वित्तीय जोखिम की तैयारी | | ✓ |
| अपने वेतन दर को निर्धारित करने या उसके लिए बातचीत करने की क्षमता | | ✓ |
| अपनी सहायता के लिए किसी व्यक्ति को कार्य पर रख सकते हैं | | ✓ |
| कार्य प्रस्तावों को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र हैं | | ✓ |
| अन्य ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर सकते हैं | ✓ | ✓ |
| कैसे, कब और कहाँ कार्य करना है इसपर आपका नियंत्रण है | | |
| | मैं एक कर्मचारी हूं | मैं एक स्वतंत्र ठेकेदार हूं |

# व्यावसायिक संरचना को चुनने के लिए कुछ सुझाव

व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लेने के बाद, आपको यह पता करना होगा कि आपके लिए किस प्रकार का व्यवसाय सही है! यह अनुभाग आपको आपके व्यवसाय को संरचित करने के लिए आपके पास मौजूद विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी देता है।

कुछ व्यावसायिक संरचनाओं में व्यवसाय को शुरू करने में बहुत अधिक शुरूआती लागत आती है और उसके जटिल नियम और कठिन फाइलिंग आवश्यकताएं होती हैं। अन्य व्यवसायों को शुरू करना आसान हो सकता है, जिन्हें बिना किसी कागजी कार्रवाई या न्यूनतम शुल्क के साथ शुरु किया जा सकता है, लेकिन उसमें व्यवसाय के मालिक पर अधिक वित्तीय जोखिम होता है। अपनी आवश्यकताओं के लिए सबसे अच्छी व्यावसायिक संरचना चुनने के लिए आपको न्यूयॉर्क राज्य की व्यावसायिक संरचनाओं के बारे में कुछ बुनियादी अवधारणाओं को समझना जरुरी है।

## अपने व्यक्तिगत वित्त को बचाना

एक व्यवसाय एक कानूनी इकाई के रूप में कार्य कर सकता है जो व्यवसाय मालिक से अलग होती है। एक व्यक्ति की तरह एक कानूनी इकाई के पास समझौते या अनुबंध करने की कानूनी क्षमता होती है, वह क्रेडिट प्राप्त कर सकती है और ऋण ले सकती है, मुकदमा कर सकती है और उसके ऊपर भी मुकदमा किया जा सकता है, और उसे अपने कार्यों के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

जब आपका व्यवसाय एक अलग कानूनी इकाई होता है तो आपकी **सीमित व्यक्तिगत देयता** होती है। व्यवसाय के ऋणों के लिए आपकी देयता आम तौर पर व्यवसाय में आपके व्यक्तिगत निवेश तक ही सीमित होती है। यदि आपका व्यवसाय एक अलग कानूनी इकाई है तो उस पर मुकदमा दायर किए जाने पर, आम तौर पर व्यवसाय के खिलाफ दावों की भरपाई करने के लिए आपकी व्यक्तिगत संपत्ति जैसे कि आपका घर या आपकी कार जब्त नहीं की जाती है। एक अलग कानूनी इकाई के माध्यम से व्यवसाय संचालित करने का एक और लाभ यह है कि इकाई स्वयं कानूनी रूप से व्यवसाय कर सकती है, भले ही उसका मालिक कार्य करने के लिए अधिकृत न हो या अमेरिका के बाहर से व्यवसाय का संचालन करता हो।

इस मार्गदर्शिका में, हमने निम्नलिखित प्रकार की कानूनी इकाईयों की लागत और लाभों को संक्षेप में प्रस्तुत किया है, जिन्हें व्यक्तिगत देयता को सीमित करने के लिए न्यूयॉर्क राज्य में गठित किया जा सकता है:  सीमित साझेदारी, सीमित देयता कंपनी और निगम।

आपके व्यवसाय के लिए एक अलग कानूनी इकाई की **सीमित देयता**का लाभ उठाने के लिए:


- अपनी व्यक्तिगत संपत्ति को अपनी व्यावसायिक संपत्ति से अलग रखें
- अपनी कानूनी इकाई के लिए एक अलग बैंक खाता खोलें
- अनुबंध और विज्ञापन में कानूनी इकाई के नाम का उपयोग करें (आपके नाम के स्थान पर)
- एक अलग कर ID संख्या (EIN) प्राप्त करें और आवश्यकता अनुसार, अपनी कानूनी इकाई के लिए अलग-अलग आयकर रिटर्न दाखिल करें।

## ITIN क्या है?

आय कमाने पर आप करों का भुगतान करने के लिए बाध्य होते हैं। आंतरिक राजस्व सेवा (IRS) उन लोगों को व्यक्तिगत करदाता पहचान संख्या (ITIN) जारी करती है जो सामाजिक सुरक्षा संख्या प्राप्त करने के लिए योग्य नहीं हैं, लेकिन उन्हें कर दाखिल करना आवश्यक है। यदि आपके पास एक सामाजिक सुरक्षा संख्या (SSN) है तो आप ITIN के लिए पात्र नहीं हैं। आपके कार्य प्राधिकरण के समाप्त होने पर भी, कर दाखिल करने के लिए आपका SSN हमेशा मान्य रहता है। आप अपनी आव्रजन स्थिति से परे, क्रेडिट लेने या बैंक खाता खोलने सहित कई वित्तीय सेवाएं प्राप्त करने के लिए भी ITIN का उपयोग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आपका धन, आपका भविष्य (योर मनी, योर फ्यूचर)! देखें वित्तीय शिक्षा और अधिकारिता के लिए, एक बुनियादी मार्गदर्शिका, अप्रवासियों के लिए व्यक्तिगत वित्त विकल्पों को समझने में मदद करने के लिए एक संसाधन।

## EIN क्या है?

संघीय और न्यूयॉर्क राज्य के कर उद्देश्यों के लिए, कर्मचारी से संबंधित किसी भी व्यवसाय को नियोक्ता पहचान संख्या (EIN) प्राप्त करना आवश्यक है। निगमों और अधिकांश सीमित संस्थाओं (LLC) को EIN प्राप्त करना होता है। आमतौर पर, बैंक खाता खोलने के लिए किसी भी व्यवसाय को EIN की आवश्यकता होती है। EIN प्राप्त करने के लिए, एक व्यवसाय IRS को फॉर्म SS-4 ("नियोक्ता पहचान संख्या के लिए आवेदन") जमा कर सकता है या फोन तथा ऑनलाइन द्वारा आवेदन कर सकता है।




## अपने व्यवसाय के कर दायित्वों को समझें

आप्रवासन की स्थिति से परे, अमेरिका में आय अर्जित करने वाले किसी भी व्यक्ति को संघीय, राज्य और स्थानीय सरकार को कर जमा करना होता है। कर जमा करना कई कारकों पर निर्भर करता है जैसे कि आप एकल या विवाहित व्यक्ति के रूप में कर दाखिल कर रहे हैं, आप प्रति वर्ष कितना धन कमाते हैं, और आप न्यूयॉर्क राज्य में कहाँ रहते हैं।

आम तौर पर, आपकी व्यावसायिक संरचना जितनी सरल होती है, आपके लिए कर जमा करना उतना ही सरल होता है। कुछ व्यावसायिक संरचनाओं में आपको अपनी व्यक्तिगत आयकर रिटर्न पर अपने व्यवसाय से अर्जित आय को दर्ज करना होता है, जिससे व्यवसाय मालिकों के लिए कर देने की प्रक्रिया आसान हो सकती है।


**कृपया ध्यान दें कि यह मार्गदर्शिका कर सलाह प्रदान करने के लिए नहीं बनायी गई है। आप्रवासी उद्यमियों को किसी योग्य कर पेशेवर से कर सलाह लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।** संसाधन अनुभाग उन संगठनों के बारे में भी बताता है जो आपके व्यवसाय से सम्बंधित कर प्रश्नों के बारे में आपकी सहायता कर सकते हैं।

# दो व्यवसायों की कहानी

## सीमित देयता कंपनी*

तीन दोस्तों ने एक साथ भूनिर्माण (लैंडस्केपिंग) व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने अपने व्यवसाय को एक सीमित देयता कंपनी (LLC) के रूप में पंजीकृत किया। उनकी LLC एक अलग कानूनी इकाई है।







प्रत्येक सदस्य ने शुरूआती लागत के रूप में 400 डॉलर का निवेश किया और कंपनी को बैंक से **व्यावसायिक ऋण** मिला।

व्यवसाय असफल रहा और कुछ महीनों के बाद 8,000 डॉलर के कर्ज के साथ बंद हो गया।




नुकसान सीमित देयता कंपनी के प्रत्येक सदस्य द्वारा दिए गए 400 डॉलर और व्यवसाय की किसी भी अन्य संपत्ति तक ही सीमित है।





व्यवसाय के मालिक LLC के ऋणों के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी नहीं हैं और उनकी व्यक्तिगत संपत्ति सुरक्षित है।



## एकल स्वामित्व

एक एकल स्वामित्व ने अपना खुद का भूनिर्माण व्यवसाय शुरू किया। उसे और उसके व्यवसाय को कानून के तहत एक ही कानूनी इकाई माना जाता है।






उसने अपने पास से 400 डॉलर का निवेश किया और अपने नए व्यवसाय हेतु उपकरण खरीदने के लिए एक **व्यक्तिगत** क्रेडिट कार्ड लिया।

व्यवसाय असफल रहा और क्रेडिट कार्ड पर 8,000 डॉलर के ऋण के साथ बंद हो गया।




एकल स्वामित्व द्वारा निवेश किए गए 400 डॉलर की हानि हो गई और वह अब क्रेडिट कार्ड के 8,000 डॉलर के ऋण और ब्याज के भुगतान के लिए भी जिम्मेदार है।




यदि वह ऋण वापस नहीं करती है, तो क्रेडिट कार्ड कंपनी ऋण का भुगतान प्राप्त करने के लिए उसकी व्यक्तिगत संपत्ति जैसे कि उसकी कार, घर और व्यक्तिगत बचत को जब्त कर सकती है!



*इस उदाहरण में, हम एक LLC के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन इस मार्गदर्शिका में बाद में अन्य प्रकार की कानूनी इकाइयों के बारे में भी चर्चा की गई है जो व्यक्तिगत देयता को सीमित करती हैं।

# छह सामान्य व्यावसायिक संरचनाएं

न्यूयॉर्क राज्य में आप्रवासी उद्यमियों के लिए छह सामान्य प्रकार के व्यवसाय स्वामित्व मॉडल हैं। उनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- **एकल स्वामित्व**
- **सामान्य साझेदारी**
- **सीमित साझेदारी**
- **सीमित देयता कंपनी (LLC)**
- **निगम**
- **श्रमिक सहकारी समिति**

यह मार्गदर्शिका पहली पांच व्यावसायिक संरचनाओं के बारे में जानकारी देती है। एक सहकारी समिति को साझेदारी, LLC या निगम द्वारा स्थापित किया जा सकता है। इसकी विशेष संरचना के कारण, यह मार्गदर्शिका सहकारी समितियों को बनाने के लिए व्यावसायिक आवश्यकताओं और दायित्वों के बारे में विस्तार से नहीं बताती है। सहकारी समितियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, संसाधन अनुभाग देखें।

# एकल स्वामित्व

किसी व्यवसाय को संचालित करने के लिए एकल स्वामित्व सबसे सरल व्यावसायिक संरचना होती है और इसे बड़ी ही आसानी से बनाया जा सकता है। यदि आपने कभी भी सरकार के साथ कोई कागजी कार्रवाई किए बिना सेवाएं प्रदान की हैं या सामान बेचा है तो आप पहले से ही एकल स्वामित्व हो सकते हैं। इसकी शुरुआती लागत कम होती है क्योंकि आपको किसी भी प्रकार के शुल्क का भुगतान नहीं करना होता है और न ही फॉर्म जमा करने की आवश्यकता होती है जोकि अन्य व्यावसायिक संरचनाओं के लिए जरूरी है। आप अपनी व्यक्तिगत आयकर रिटर्न पर व्यावसायिक आय को दर्ज करते हैं, इसलिए कर जमा करने की प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल होती है।

## एकल स्वामित्व का सारांश

| | | |
|---|---|---|
| मालिकों की संख्या | **1 मालिक** | एक व्यक्ति ही व्यवसाय का एकमात्र मालिक होता है। |
| शुरूआत | **शुरू करने में सबसे आसान** | इसके शुरू होते ही आप व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन शुरू कर सकते हैं। |
| शुल्क/फॉर्म | **कोई नहीं या न्यूनतम** | (*वैकल्पिक*) यदि व्यवसाय का नाम मालिक से अलग होता है तो अनुमानित नाम प्रमाण-पत्र (Assumed Name Certificate) के लिए सामान्य फाइलिंग शुल्क, जो विभिन्न काउंटी में अलग होता है। |
| आयकर प्रक्रिया | **सरल** | आप अपनी व्यक्तिगत आयकर रिटर्न पर व्यावसायिक आय दर्ज करते हैं। |
| देयता | **उच्च व्यक्तिगत वित्तीय जोखिम** | व्यवसाय का मालिक व्यवसाय के सभी ऋणों और दायित्वों के लिए जिम्मेदार होता है, और उसकी व्यक्तिगत संपत्ति पर जोखिम होता है। |
| कार्यचालन आवश्यकताएं | **कोई कार्यचालन नवीनीकरण/फाइलिंग नहीं** | एकल स्वामित्व का संचालन करने के लिए आपको किसी भी सरकारी एजेंसियों को कोई अतिरिक्त फाइलिंग जमा करने की आवश्यकता नहीं है। |
| के लिए अच्छी है | इलेक्ट्रॉनिक सामानों से सम्बंधित मरम्मत सेवाएं, लैंडस्केपर्स, हाउसकीपर, अनुशिक्षक, लेखक और कलाकार | |

# सामान्य साझेदारी

सामान्य साझेदारी दो या दो से अधिक व्यवसाय स्वामियों के लिए अच्छी है जो वित्तीय देयता या जोखिम को साझा करना चाहते हैं और साथ मिलकर व्यावसायिक निर्णय लेते हैं। यह उन व्यवसाय स्वामियों के लिए अच्छी है जो एक दूसरे पर भरोसा करते हैं क्योंकि प्रत्येक साझेदार अन्य साझेदारों द्वारा लिए गए निर्णयों के लिए जिम्मेदार होता है।

एकल स्वामित्व की तरह ही, एक सामान्य साझेदारी बनाने के लिए कोई कागजी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं होती है। यदि आप किसी अन्य व्यक्ति के साथ व्यावसायिक कार्य कर चुके हैं और खुद को उस व्यवसाय में साझेदारों के रूप में देखते हैं तो आप पहले से ही एक सामान्य साझेदारी में हो सकते हैं। साझेदारों को एक साझेदारी समझौता बनाने की निहायत सलाह दी जाती है, एक ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज जो यह बताता है कि प्रत्येक साझेदार के क्या अधिकार और जिम्मेदारियां हैं, प्रत्येक साझेदार ने कितना निवेश किया है, और साझेदार समस्याओं को कैसे हल करते हैं। जब तक कोई अन्य साझेदारी समझौता नहीं होता है, तब तक सभी लाभ और हानि को साझेदारों के बीच समान रूप से विभाजित किया जाएगा। **साझेदारी समझौता बनाते समय आपको कानूनी मदद लेनी चाहिए।**

एकल स्वामित्व की तरह ही, सामान्य साझेदारी में भी व्यक्तिगत संपत्ति संरक्षित नहीं होती है, और एक साझेदार की व्यक्तिगत संपत्ति दूसरे साझेदार द्वारा लिए गए खराब निर्णय के परिणामस्वरूप जोखिम में आ सकती है।



## साझेदारी समझौते

कोई भी साझेदारी समझौता एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है जो व्यवसाय से सम्बंधित प्रत्येक साझेदार के अधिकार और जिम्मेदारियों के बारे में बताता है। सामान्य साझेदारी हेतु साझेदारी समझौता बनाने के लिए दृढ़ता से सुझाव दिया जाता है और सीमित साझेदारी के लिए यह आवश्यक होता है। एक साझेदारी समझौता निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देता है:

- प्रत्येक साझेदार कितना निवेश कर रहा है?
- प्रत्येक साझेदार की क्या जिम्मेदारियां हैं?
- साझेदार कैसे निर्णय लेंगे?
- साझेदार लाभ और हानि को किस प्रकार साझा करेंगे?
- साझेदार झगड़ों को कैसे सुलझाएंगे?
- जब एक साझेदार व्यवसाय छोड़ने का फैसला करेगा या व्यवसाय में अपने हिस्से को बेचेगा, ऐसी स्थिति में क्या होगा?

## सामान्य साझेदारी का सारांश

| | | |
|---|---|---|
| मालिकों की संख्या | **2+ मालिक** | साझेदार व्यवसाय के मालिक होते हैं। |
| शुरूआत | **शुरू करने के लिए सबसे आसान** | इसके शुरू होते ही आप व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन शुरू कर सकते हैं। |
| शुल्क/फॉर्म | **कोई नहीं या न्यूनतम** | (*वैकल्पिक*) यदि व्यवसाय का नाम मालिक से अलग होता है तो अनुमानित नाम प्रमाण-पत्र (Assumed Name Certificate) के लिए सामान्य फाइलिंग शुल्क, जो विभिन्न काउंटी में अलग होता है। एक साझेदारी समझौता करने की सलाह दी जाती है। |
| आयकर प्रक्रिया | **सरल** | साझेदार अपनी व्यक्तिगत आयकर रिटर्न पर व्यावसायिक आय को दर्ज करते हैं। साझेदारी के लिए एक सूचनात्मक रिटर्न भी दाखिल की जानी चाहिए। |
| देयता | **उच्च व्यक्तिगत वित्तीय जोखिम** | प्रत्येक साझेदार को अन्य साझेदारों द्वारा किए गए कार्यों के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जा सकता है। व्यक्तिगत संपत्ति पर जोखिम होता है। |
| कार्यचालन आवश्यकताएं | **कोई कार्यचालन नवीनीकरण/फाइलिंग नहीं** | आपको अपने व्यवसाय की कानूनी स्थिति बनाए रखने के लिए सरकार को कुछ भी प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। |
| के लिए अच्छी है | पारिवारिक व्यवसाय • वे साझेदार जिनके लंबे समय से संबंध होते हैं और एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं। | |

# सीमित साझेदारी

सीमित साझेदारी में दो प्रकार के मालिक होते हैं, एक सामान्य साझेदार और एक सीमित साझेदार। एक **सामान्य साझेदार** उसी तरह से कार्य करता है जैसे एकल स्वामित्व या सामान्य साझेदारी में एक मालिक करता है, और वह सीमित साझेदारी के व्यवसाय का प्रबंधन करता है, सौदे करता है, निर्णय लेता है और साझेदारी की ओर से कार्य करता है।

एक **सीमित साझेदार** निष्क्रिय निवेशक होता है। वे धन निवेश करते हैं और मुनाफे का अपना हिस्सा प्राप्त करते हैं लेकिन वे व्यवसाय के दिन-प्रतिदिन के संचालन का प्रबंधन नहीं कर सकते हैं या साझेदारी की ओर से कार्य नहीं कर सकते हैं। सामान्य साझेदारों के विपरीत, एक सीमित साझेदार की व्यक्तिगत संपत्ति सुरक्षित होती है। सीमित साझेदारों की देनदारी व्यवसाय में निवेशित धन तक ही सीमित है।

सीमित साझेदारी को शुरू करने के लिए एकल स्वामित्व या सामान्य साझेदारी की तुलना में अधिक कार्य करना होता है क्योंकि आपको न्यूयॉर्क डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट (DOS) के साथ कागजी कार्रवाई करनी होती है और सम्बंधित शुल्क का भुगतान करना होता है। यह व्यावसायिक संरचना उन मालिकों के लिए अच्छी होती है जिनके पास ऐसे निवेशक होते हैं, जो व्यवसाय का संचालन नहीं करना चाहते हैं या सामान्य साझेदार के व्यावसायिक निर्णयों के लिए जिम्मेदार नहीं होना चाहते हैं। सीमित साझेदारी की शर्तों को एक साझेदारी समझौते में प्रलेखित किया जाना चाहिए (पृष्ठ 17 देखें)।



### समाचार-पत्र घोषणा

सीमित साझेदारी और सीमित देयता कंपनियों को अपने व्यवसाय की स्थापना को लगातार छह सप्ताह तक दो अलग-अलग समाचार-पत्रों में प्रकाशित करना जरुरी होता है। काउंटी के आधार पर, समाचार-पत्रों की प्रकाशन लागत महंगी हो सकती है।

### **सामान्य** साझेदार

- धन निवेश करता है और मुनाफे का अपना हिस्सा प्राप्त करता है
- व्यवसाय का प्रबंधन करता है और निर्णय लेता है
- साझेदारी की ओर से कार्य करता है
- व्यवसाय के ऋणों के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी। (व्यवसाय का मालिक, सीमित देयता के लिए सामान्य साझेदार के रूप में सेवा करने के लिए एक अलग कानूनी इकाई बना सकता है, लेकिन इससे जटिलता बढ़ जाती है।)

### **सीमित** साझेदार

- धन निवेश करता है और मुनाफे का अपना हिस्सा प्राप्त करता है
- व्यवसाय का प्रबंधन नहीं करता है
- साझेदारी की ओर से कोई कार्य नहीं कर सकता है
- व्यक्तिगत संपत्ति सुरक्षित है। वित्तीय जोखिम प्रारंभिक निवेश तक ही सीमित है।

## सीमित साझेदारी का सारांश

| | | |
|---|---|---|
| मालिकों की संख्या | **2+ मालिक** | दो प्रकार के मालिक होते हैं और प्रत्येक प्रकार के कम से कम एक मालिक की आवश्यकता होती है: एक सामान्य साझेदार और एक सीमित साझेदार। |
| शुरूआत | **शुरू करने के लिए अधिक मेहनत लगती है** | गठन के लिए आवश्यक दस्तावेज:<br>▶ सीमित साझेदारी का प्रमाण-पत्र<br>▶ प्रकाशन का प्रमाण-पत्र और प्रकाशन का शपथ-पत्र (समाचार-पत्र में प्रकाशन के बाद) |
| शुल्क/फॉर्म | **मामूली रूप से महँगा** | 200 डॉलर का फाइलिंग शुल्क, 50 डॉलर का प्रकाशन के प्रमाण-पत्र का फाइलिंग शुल्क, और समाचार-पत्र प्रकाशन की आम लागत 600-1,200 डॉलर। एक साझेदारी समझौते की आवश्यकता होती है। |
| आयकर प्रक्रिया | **सरल** | आप अपनी व्यक्तिगत आयकर रिटर्न पर व्यावसायिक आय को दर्ज करते हैं। साझेदारी के लिए एक सूचनात्मक रिटर्न भी दाखिल की जानी चाहिए। |
| देयता | **सामान्य साझेदारों के लिए उच्च व्यक्तिगत जोखिम** | प्रत्येक सामान्य साझेदार व्यावसायिक ऋणों के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होता है। सीमित साझेदार की देनदारी व्यवसाय में उसके द्वारा किए गए निवेश तक ही सीमित होती है। |
| कार्यचालन आवश्यकताएं | **हाँ** | एक लिखित साझेदारी समझौता आवश्यक है और इस पर सभी सामान्य साझेदारों के हस्ताक्षर होने चाहिए। |
| के लिए अच्छी है | ऐसे उद्यमी जिनके पास ऐसे साझेदार हैं जो निवेश करना चाहते हैं लेकिन निर्णयों में शामिल नहीं होना चाहते हैं या व्यक्तिगत देयता नहीं रखना चाहते हैं। | |

# सीमित देयता कंपनी

सीमित देयता कंपनी (LLC), सीमित देयता या कम व्यक्तिगत वित्तीय जोखिम का विकल्प देती है, जो एकल स्वामित्व और साझेदारी संरचनाओं की तुलना में एक बड़ा लाभ है। कानून के तहत, व्यवसाय, व्यवसाय के मालिक(कों) से अलग एक कानूनी इकाई होती है और सभी मालिक(कों) की अपनी व्यक्तिगत संपत्तियां सुरक्षित होती हैं। सीमित देयता को चलाने के लिए, मालिकों को LLC के लिए एक अलग बैंक खाता खोलना चाहिए, LLC में पर्याप्त राशि का निवेश करना चाहिए ताकि वह खुद अपने खर्चों का भुगतान कर सके, अपनी व्यक्तिगत संपत्ति को व्यावसायिक संपत्ति के साथ नहीं मिलाना चाहिए और अपने व्यक्तिगत खर्चों के लिए LLC के धन का उपयोग नहीं करना चाहिए।

LLC में मालिकों को सदस्यों के रूप में जाना जाता है, वे स्वयं व्यवसाय का प्रबंधन कर सकते हैं या व्यवसाय का प्रबंधन करने के लिए प्रबंधकों को नामित कर सकते हैं। प्रबंधकों को कर्मचारी माना जा सकता है और परिणामस्वरूप उन्हें कार्य करने के लिए अधिकृत किया जाता है। **इस क्षेत्र का कानून अनिश्चित है, इसलिए वे व्यक्ति जो कार्य करने के लिए अधिकृत नहीं हैं उन्हें LLC के प्रबंधक के रूप में नामित होने से पहले कानूनी सलाह ले लेनी चाहिए, भले ही वे LLC के मालिक हों।**

LLC के बनने पर, LLC के सदस्य उसकी कर प्रक्रिया को चुन सकते हैं। जब तक LLC पर एक निगम की तरह कर लगाने के लिए IRS के साथ अर्जी नहीं दी जाती है, तब तक मालिक अपनी व्यक्तिगत कर रिटर्न पर व्यावसायिक आय को दर्ज करेंगे। **LLC के सदस्यों को अपने विकल्पों के बारे में जानने के लिए कर विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।**



## संचालन समझौता

संचालन समझौता LLC द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है जो इसके सदस्यों, प्रबंधकों, कर्मचारियों या एजेंटों के अधिकारों, शक्तियों और जिम्मेदारियों को निर्धारित करता है। संचालन समझौते को संगठन के लेखों को दाखिल करते समय, उससे पहले, उसको दाखिल करने के 90 दिनों के भीतर दर्ज किया जा सकता है।

## सीमित देयता कंपनी का सारांश

| | | |
|---|---|---|
| मालिकों की संख्या | **1+ मालिक** | LLC में एक सदस्य या कई सदस्य मालिक हो सकते हैं जो LLC के मालिक हैं। |
| शुरूआत | **शुरु करने के लिए अधिक मेहनत लगती है** | गठन के लिए आवश्यक दस्तावेज:<br>▶ संगठन के लेख<br>▶ प्रकाशन प्रमाण-पत्र और प्रकाशन शपथ-पत्र (आवश्यक समाचार-पत्र में प्रकाशन के बाद) |
| शुल्क/फॉर्म | **महँगा** | संगठन के लेखों के लिए 200 डॉलर का फाइलिंग शुल्क, प्रकाशन के प्रमाण-पत्र के लिए 50 डॉलर का फाइलिंग शुल्क, और समाचार-पत्र में प्रकाशन की 600-1,200 डॉलर की आम लागत। एक संचालन समझौते की आवश्यकता होती है। |
| आयकर प्रक्रिया | **मामूली रूप से जटिल** | व्यावसायिक संरचना और सदस्यों की संख्या के आधार पर एक LLC के पास कई अलग-अलग विकल्प होते हैं। |
| देयता | **कम देयता / वित्तीय जोखिम** | व्यवसाय, व्यवसाय के मालिक(कों) से अलग एक कानूनी इकाई होती है। मालिकों की सीमित देयता होती है और वे केवल व्यवसाय में निवेश की गई राशि तक ही वित्तीय रूप से उत्तरदायी होते हैं। |
| कार्यचालन आवश्यकताएं | **हाँ – रिकॉर्ड को बनाए रखने की आवश्यकता होती है** | ▶ संगठन का प्रमाण-पत्र फाइल करने के 90 दिनों के भीतर संचालन समझौते को अपनाएं।<br>▶ (*वैकल्पिक*) इसके सदस्यों/प्रबंधकों की बैठकें आयोजित करें<br>▶ LLC और कर के कुछ दस्तावेजों के रिकॉर्ड रखें<br>▶ प्रत्येक 2 वर्ष में पते की पुष्टि या उसको अपडेट करने के लिए द्विवार्षिक विवरण दर्ज करें |
| के लिए अच्छी है | वे मालिक जो अपनी व्यक्तिगत संपत्ति और वित्त को अपने व्यवसाय से अलग रखना चाहते हैं और जरुरी आवश्यकताओं का प्रबंधन कर सकते हैं। | |


# निगम

एक निगम का उपयोग आमतौर पर कई मालिकों वाले बड़े व्यवसायों के लिए किया जाता है क्योंकि यह शेयर जारी करने की क्षमता प्रदान करता है। एक शेयर निगम में एक स्वामित्व हित का प्रतिनिधित्व करता है। एक निगम बनाने के लिए बहुत सारी कागजी कार्रवाई करने की आवश्यकता होती है और इसमें बहुत लागत लगती है और कानूनी आवश्यकताएं होती हैं।

प्रत्येक निगम में उपनियम, निदेशक मंडल और अधिकारी होने चाहिए। निगम के बनने के बाद, शेयरधारकों को उपनियमों को अपनाने और निदेशकों का चुनाव करने के लिए एक संगठनात्मक बैठक करनी चाहिए। एक छोटा व्यवसाय शुरू करने वाले उद्यमी के लिए एक निगम बनाना सही व्यावसायिक संरचना नहीं है। एक LLC छोटे व्यवसाय के मालिक को कम जटिलता, अधिक लचीलेपन और आसान रखरखाव के साथ निगम के सभी लाभ प्रदान करती है।

इसके अलावा, आम तौर पर आप्रवासी उद्यमी जो कार्य करने के लिए अधिकृत नहीं है, उसके लिए कॉर्पोरेट संरचना जोखिम भरी होती है। यदि कोई उद्यमी, व्यवसाय को निगम के एक अधिकारी के रूप में संचालित करता है, या निगम उसे वेतन देता है, तो उसे संभवत: एक कर्मचारी माना जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका व्यवसाय राज्य और संघीय कर कानूनों सहित सभी लागू कानूनों के अनुसार गठित और संचालित किया जा रहा है, अपनी व्यावसायिक योजनाओं को विकसित करते समय कानूनी सलाह और परामर्श जरुर प्राप्त करें। निगमों की कर संरचना जटिल है और इस मार्गदर्शिका के दायरे से बाहर है।

## कंपनी की संरचना




कंपनी में शेयर खरीदने वाला कोई भी व्यक्ति अपने शेयरों की मात्रा के आधार पर कंपनी में उतने प्रतिशत का मालिक होता है। निगम का गठन होने पर, आमतौर पर इसके मालिक ही इसके पहले शेयरधारक होते हैं।

चुने गए व्यक्तियों का एक समूह शेयरधारकों के हित का प्रतिनिधित्व करता है। निदेशक भी शेयरधारक हो सकते हैं लेकिन यह आवश्यक मानदंड नहीं है। एक बोर्ड में कम से कम एक निदेशक होना चाहिए। निदेशक कंपनी के प्रमुख मुद्दों का निरीक्षण करते है और निर्णय लेते हैं।

व्यवसाय के दैनिक संचालन के लिए जिम्मेदार होते हैं और उनके पास व्यवसाय से सम्बंधित गतिविधियों पर कार्य करने का अधिकार होता है। **अधिकारियों को कानून के तहत कर्मचारी माना जा सकता है और उन्हें अमेरिका में कार्य करने के लिए अपनी कानूनी स्थिति को साबित करने की आवश्यकता होती है।**

## निगम का सारांश

| | | |
|---|---|---|
| मालिकों की संख्या | **1+ मालिक** | निगमों में आमतौर पर कई मालिक होते हैं, जिन्हें शेयरधारक के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसका गठन केवल एक शेयरधारक के साथ भी किया जा सकता है। |
| शुरूआत | **शुरू करने के लिए अधिक मेहनत लगती है** | निगमन प्रमाण-पत्र दाखिल करने के बाद उपनियमों को अपनाने और निदेशकों का चुनाव करने के लिए एक संगठनात्मक बैठक करनी चाहिए। |
| शुल्क/फॉर्म | **बहुत महँगा** | एक निगम को शुरू करने के लिए निगमन प्रमाण-पत्र के लिए 125 डॉलर का फाइलिंग शुल्क लगता है। एक निगम में कानूनी और/या लेखा शुल्क की वजह से बहुत लागत आएगी। |
| आयकर प्रक्रिया | **बहुत जटिल** | व्यवसाय मालिकों को कर दायित्वों को समझने के लिए एक पेशेवर कर विशेषज्ञ से परामर्श करने की सलाह दी जाती है। |
| देयता | **बहुत कम देयता / वित्तीय जोखिम** | व्यवसाय, व्यवसाय के मालिक(कों) से अलग एक कानूनी इकाई है। मालिकों की देयता व्यवसाय में उनके वित्तीय निवेश तक ही सीमित है। |
| कार्यचालन आवश्यकताएं | **हाँ – सख्त कार्यचालन आवश्यकताएं** | ▶ वार्षिक और विशेष शेयरधारक बैठकें<br>▶ निदेशक मंडल की नियमित और विशेष बैठकें<br>▶ कॉर्पोरेट, कर दस्तावेज़ों के लिए कार्यवृत्त और रिकॉर्ड संभाल कर रखें<br>▶ प्रत्येक 2 वर्ष में पते की पुष्टि/अपडेट करने के लिए द्विवार्षिक विवरण दर्ज करें |
| के लिए अच्छी है | कई मालिकों वाले बड़े व्यवसाय जिन्हें बहुत अधिक निवेश की आवश्यकता होती है और वे शेयर जारी करना और बेचना चाहते हैं। | |

# एक त्वरित तुलना - आपके लिए कौन-सी व्यावसायिक संरचना सही है?


| | एकल स्वामित्व | सामान्य साझेदारी | सीमित साझेदारी | सीमित देयता कंपनी | निगम |
|---|---|---|---|---|---|
| मालिकों की संख्या | 1 मालिक | 2+ साझेदार | 2+ सामान्य और सीमित साझेदार | 1+ सदस्य | 1+ शेयरधारक |
| शुरूआत प्रक्रिया | आसान | आसान | मामूली रूप से कठिन | मामूली रूप से कठिन | बहुत कठिन |
| शुल्क/ फॉर्म | कोई नहीं/ कम से कम | कोई नहीं/ कम से कम | मामूली रूप से महँगा | मामूली रूप से महँगा | बहुत महँगा |
| आयकर प्रक्रिया | सरल | मामूली | मामूली | मामूली रूप से जटिल | बहुत जटिल |
| निजी देयता | उच्च | उच्च | उच्च सामान्य साझेदारों के लिए | सीमित | सीमित |
| कार्यचालन आवश्यकताएं | कोई नहीं | कोई नहीं | कुछ | कुछ | व्यापक |

# कार्यकर्ता सहकारी समिति

कार्यकर्ता सहकारी समिति एक नया व्यवसाय मॉडल है, जिसमें कार्यकर्ता किसी व्यवसाय के मालिक होते हैं और उसका प्रबंधन करते हैं। कार्यकर्ता आमतौर पर सदस्य बनने के लिए सहकारी समिति में प्रारंभिक मौद्रिक योगदान करते हैं और इसके परिणामस्वरूप लाभ का एक आनुपातिक हिस्सा प्राप्त करते हैं। इस मॉडल में, प्रत्येक कार्यकर्ता के पास महत्वपूर्ण व्यावसायिक निर्णयों जैसे कि ऋण, अनुबंधों की स्वीकृति और नए सदस्यों को स्वीकार करने के संबंध में समान मतदान अधिकार होता है।

एक सहकारी समिति की स्थापना एक साझेदारी, LLC, या निगम सहित इस मार्गदर्शिका में पहले से वर्णित किसी भी व्यावसायिक संरचना द्वारा की जा सकती है। आमतौर पर, सहकारी समितियाँ LLC संरचना का उपयोग करती हैं क्योंकि यह लचीली होती है और निगम की तुलना में इसे बनाने और इसका संचालन करने में कम लागत आती है और यह साझेदारी की तुलना में बड़ी मात्रा में मालिकों के लिए एक आदर्श संरचना है। एक LLC सहकारी समिति में सदस्यों की सीमित देयता होती है। सहकारी समितियाँ अप्रवासियों की कानूनी स्थिति से परे उन्हें शोषण से बचाने में मदद कर सकती हैं क्योंकिं कई बार व्यक्तिगत रूप से कार्य करते समय उनकी वेतन चोरी या उनके साथ अन्य दुर्व्यवहार होता है।

न्यूयॉर्क राज्य में एक विशेष श्रमिक सहकारी निगम कानून है जिसे सदस्यता, शेयरों और लाभ और हानि के वितरण से सम्बंधित विशेष स्थिति और नियमों के साथ विकसित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया इस मार्गदर्शिका के संसाधन अनुभाग पर जाएँ।



# परिभाषाएं

**शपथ-पत्र**
एक लिखित और हस्ताक्षरित बयान जिसे कानून द्वारा प्राप्त शक्तियों वाले किसी व्यक्ति द्वारा सत्यापित किया जाता है, जैसे नोटरी।

**निदेशक मंडल**
एक निगम में शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने गए व्यक्तियों का एक समूह जो व्यवसाय का सामान्य निरीक्षण करता है और इसके प्रमुख निर्णय लेता है।

**ग्राहक**
एक स्वतंत्र ठेकेदार से सेवाएं प्राप्त करने वाला व्यक्ति या व्यवसाय।

**उद्यमी**
एक व्यक्ति जो स्वयं के व्यवसाय को व्यवस्थित करता है और उसका संचालन करता है।

**नियोक्ता**
एक व्यक्ति या व्यवसाय जो किसी अन्य व्यक्ति के वेतन और रोजगार के लिए जिम्मेदार होता है।

**व्यक्तिगत करदाता पहचान संख्या (ITIN)**
आंतरिक राजस्व सेवा द्वारा उन लोगों को जारी की गई एक संख्या जो सामाजिक सुरक्षा संख्या के योग्य नहीं हैं लेकिन उन्हें कर जमा करना आवश्यक है।

**आंतरिक राजस्व सेवा (IRS)**
संघीय कर एकत्र करने वाली एक संघीय सरकारी एजेंसी।

**देयता**
किसी व्यवसाय से जुड़ी कानूनी या वित्तीय उत्तरदेयता या जोखिम की राशि।

**सदस्य**
सीमित देयता कंपनी (LLC) में मालिकों को सदस्यों के रूप में संदर्भित किया जाता है।

**अधिकारी**
अधिकारी निगम के दैनिक कार्यों का संचालन करते हैं। निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त अधिकारी निगम के संस्थापक/मालिक और कुछ कर्मचारी भी हो सकते हैं।

**साझेदारी**
एक ऐसी व्यावसायिक संरचना जहाँ दो या दो से अधिक व्यक्ति व्यवसाय के मालिक होते हैं। सामान्य साझेदारी में, साझेदार प्रबंधन जिम्मेदारियों और व्यवसाय के लाभ और हानियों को आपस में साझा करते हैं। सीमित साझेदारी के अंतर्गत कुछ साझेदार व्यवसाय का प्रबंधन करते हैं और कुछ साझेदार केवल व्यवसाय में निवेश करते हैं लेकिन सभी साझेदार व्यवसाय के मालिक होते हैं।

**एकल स्वामित्व**
व्यवसाय का मालिक।

**शेयरधारक**
किसी कंपनी या निगम में शेयर खरीदने वाले व्यक्ति को शेयरधारक कहा जाता है। शेयरधारक निगम में अपने निवेश के आनुपातिक हिस्से के मालिक होते हैं।

# महत्वपूर्ण दस्तावेज

## संगठन के लेख

एक दस्तावेज़ जिसमें सीमित देयता कंपनी (LLC) का नाम, काउंटी और पते के बारे में एक रूपरेखा होती है जो LLC बनाने के लिए आवश्यक हैं। LLC का गठन संगठन के लेखों को दाखिल करते समय या संगठन के लेखों में निर्दिष्ट किसी भी समय में किया जाता है, लेकिन इसे दाखिल करने की तारीख से 60 दिनों के भीतर करना होता है।

*राज्य विभाग के साथ फाइल किया जाता है*

▶ **सीमित देयता कंपनी**

## द्विवार्षिक बयान

प्रत्येक दो वर्षों में NYS LLCs और निगमों को एक द्विवार्षिक बयान दर्ज करने होते हैं और व्यावसायिक पते की पुष्टि या उसको अपडेट करने के लिए 9 डॉलर की फाइलिंग शुल्क का भुगतान करना होता है।

*राज्य विभाग के साथ फाइल किया जाता है*

▶ **सीमित देयता कंपनी** ▶ **निगम**

## उपनियम

निगम के कार्य संचालन के बारे में जानकारी देने वाला एक लिखित दस्तावेज। इसमें जानकारी दी जाती है कि निदेशकों का चुनाव कैसे किया जाता है, बैठकें कैसे आयोजित की जाती हैं, और शेयरधारकों, निदेशकों और अधिकारियों के अधिकार, कर्तव्य और शक्तियां क्या हैं।

*इसकी एक प्रति निगम द्वारा रखी जानी चाहिए।*

▶ **निगम**

## कल्पित नाम का प्रमाण-पत्र

फ़ॉर्म की आवश्यकता सिर्फ तभी होती है जब व्यवसाय का नाम, व्यवसाय के मालिक से अलग होता है।

*काउंटी क्लर्क के साथ फाइल किया जाता है*

▶ **एकल स्वामित्व** ▶ **सामान्य साझेदारी**

▶ **कोई भी संस्था जो अलग नाम से कार्य करती है वह अपना कानूनी नाम बनाती है**

## निगमन का प्रमाण-पत्र

एक दस्तावेज़ जिसमें निगम का नाम और पता होता है। निगम का अस्तित्व या तो निगमन प्रमाण-पत्र दाखिल करने की तारीख से शुरू होता है या निगमन प्रमाण-पत्र में निर्दिष्ट किसी बाद की तारीख (दाखिल करने की तारीख के 90 दिनों के भीतर) से शुरू होता है।

▶ **निगम**

## सीमित साझेदारी का प्रमाण-पत्र

वह फॉर्म जिसमें सीमित साझेदारी समझौते में प्रवेश करने वाले साझेदारों के नाम और जानकारी होती है।

*राज्य विभाग के साथ फाइल किया जाता है*

▶ **सीमित साझेदारी**

## प्रकाशन का प्रमाण-पत्र

शपथ-पत्र के साथ जमा किया जाने वाला फॉर्म बताता है कि आपने सीमित साझेदारी या LLC शुरू करने के लिए समाचार-पत्र में प्रकाशन की आवश्यकताओं का अनुपालन किया है (पृष्ठ 19 और 22 देखें)। प्रकाशन का प्रमाण-पत्र सीमित साझेदारी या संगठन के लेख दाखिल करने के 120 दिनों के भीतर फाइल किया जाना चाहिए।

*राज्य विभाग के साथ फाइल किया जाता है*

▶ **सीमित साझेदारी**

▶ **सीमित देयता कंपनी**

## I-9, रोजगार पात्रता सत्यापन फॉर्म

सभी कर्मचारियों के लिए एक आवश्यक फॉर्म जो अमेरिका में कानूनी रूप से कार्य करने का प्रमाण-पत्र देता है। आपके नियोक्ता को I-9 फॉर्म प्राप्त करना होगा और इसे अधिकृत अमेरिकी सरकारी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराना होगा।

## संचालन समझौता

अपने सदस्यों, प्रबंधकों, कर्मचारियों या एजेंटों के अधिकारों, शक्तियों, प्राथमिकताओं, सीमाओं या जिम्मेदारियों को निर्धारित करता है। संचालन समझौते को संगठन के लेख दाखिल करने से पहले या 90 दिनों के भीतर दर्ज किया जा सकता है।

*LLC को इसकी एक प्रति अपने पास रखनी चाहिए*

▶ **सीमित देयता कंपनी**

## साझेदारी समझौता

एक सामान्य साझेदारी के लिए इसकी सलाह दी जाती है और एक सीमित साझेदारी के लिए यह आवश्यक होता है, यह व्यवसाय साझेदारों के बीच व्यवस्थाओं, अधिकारों और दायित्वों को स्थापित और सिद्ध करता है।

▶ **सामान्य साझेदारी** ▶ **सीमित साझेदारी**

# संसाधन

## न्यूयॉर्क राज्य सरकार की एजेंसियां:

### राज्य विभाग, निगम प्रभाग, राज्य रिकॉर्ड और UCC

www.dos.ny.gov/corps/
न्यूयॉर्क राज्य में कोई व्यवसाय शुरू करने या उसका विस्तार करने के लिए आवश्यक फॉर्म और अन्य कानूनी दस्तावेजों के बारे में जानकारी और उनके टेम्पलेट्स।

### एम्पायर राज्य विकास, उद्यमशीलता सहायता कार्यक्रम (Empire State Development, Entrepreneurial Assistance Program)

esd.ny.gov/entrepreneurial-assistance-program
उद्यमशीलता सहायता कार्यक्रम (EAP) उन व्यक्तियों को निर्देश, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और सहायता सेवाएं प्रदान करने में समर्थन करने के लिए पूरे न्यूयॉर्क राज्य में स्थानीय समुदायों में EAP केंद्र स्थापित करता है जिन्होंने हाल ही में अपना व्यवसाय शुरू किया है या व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं।

### न्यू अमेरिकंस कार्यालय [Office of New Americans (ONA)]

1-800-566-7636
www.newamericans.ny.gov/business
न्यू अमेरिकंस कार्यालय के पूरे न्यूयॉर्क राज्य में 27 अवसर केन्द्र हैंजो अप्रवासियों को लघु व्यवसाय से सम्बंधित सहायता सहित शैक्षिक और आर्थिक संसाधन प्रदान करते हैं।

### लघु व्यवसाय विकास केंद्र [Small Business Development Center (SBDC)]

1-800-732-7232
www.nyssbdc.com
24 क्षेत्रीय केन्द्रों के नेटवर्क के माध्यम से, न्यूयॉर्क राज्य लघु व्यवसाय विकास केंद्र (NYS SBDC) व्यवसाय शुरू करने वाले या नि:शुल्क रूप से अपने मौजूदा व्यवसाय के कार्यप्रदर्शन में सुधार करने वाले सभी न्यूयॉर्कवासियों को उच्च-गुणवत्ता के साथ नि:शुल्क या कम लागत वाला व्यावसायिक परामर्श और प्रशिक्षण प्रदान करता है।

## NYC सरकारी एजेंसियां:

### उपभोक्ता मामलों का विभाग, वित्तीय अधिकारिता कार्यालय (Department of Consumer Affairs, Office Financial Empowerment)

https://www.nyc.gov/site/dca/partners/financial-empowerment.page
वित्तीय शिक्षा और परामर्श के उद्देश्य के साथ निम्न आय वाले न्यूयॉर्कवासियों का सशक्तिकरण और संरक्षण करना, जो अपनी संपत्ति बनाना चाहते हैं और अपने वित्तीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना चाहते हैं। इसमें सुरक्षित और सस्ती मुख्यधारा की बैंकिंग और आय बढ़ाने वाले कर क्रेडिट तक पहुंच के बारे में जानकारी शामिल है।

### लघु व्यवसाय सेवाएँ [Small Business Services (SBS)]

https://www1.nyc.gov/nycbusiness/
न्यूयॉर्क सिटी में कोई व्यवसाय शुरू करने, संचालित करने या विकसित करने के इच्छुक उद्यमियों के लिए नि: शुल्क पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं, सलाह और सहायता।

### SBS अप्रवासी व्यवसाय पहल (SBS Immigrant Business Initiative)

www1.nyc.gov/nycbusiness/article/immigrant-business-initiative
SBS नि:शुल्क रूप से बिना किसी लागत के पूरी न्यूयॉर्क सिटी में कई भाषाओं में व्यावसायिक पाठ्यक्रम, वित्तपोषण सहायता, प्रो-बोनो कानूनी सेवाएं, आदि प्रदान करता है।

## NYC संगठन:

### ब्रुकलिन सार्वजनिक पुस्तकालय, लघु व्यवसाय और उद्यमी सेवाएँ (Brooklyn Public Library, Small Business and Entrepreneur Services)

www.bklynlibrary.org/business/small-business
पूरे ब्रुकलिन संसाधन में विभिन्न स्थान, कार्यशालाएं, कक्षाएं, और व्यवसाय शुरू करने, उसका संचालन करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए अंग्रेजी, स्पेनिश, रूसी और क्रेयोल में आमने-सामने बैठकर सहायता प्रदान करना।

### बिजनेस आउटरीच सेंटर नेटवर्क (BOCNET)

www.bocnet.org
सूक्ष्म उद्यम और लघु व्यवसाय विकास संगठन जो ब्रोंक्स, ब्रुकलिन, मैनहट्टन, क्वींस, स्टेटन द्वीप में असेवित समुदायों को अनुकूलित व्यवसाय सेवाएं प्रदान करता है, जिसमें लघु व्यवसाय ऋण, घर-आधारित बाल देखभाल, 'बिजनेस अमेरिकन-स्टाइल' वर्कशॉप, और रिफ्यूजी सूक्ष्म-उद्यम परियोजनाएं शामिल हैं।

### CAMBA लघु व्यवसाय सेवाएँ (CAMBA Small Business Services)

718-287-2600
www.camba.org
आमने-सामने बैठकर परामर्श, लघु व्यवसाय कार्यशालाएं, व्यवसाय परामर्श, अन्य लघु व्यवसाय विकास साझेदारों के साथ संबंध, और व्यवसाय ऋण।

### सामुदायिक विकास परियोजना (Community Development Project), कानूनी सहायता सोसाइटी (The Legal Aid Society)

212-426-3000
www.legalaidnyc.org/civil-practice-pro-bono-projects
5 नगरों में अधिवक्ताओं और ग्राहक-योग्य लोगों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करती है। यह छोटे व्यवसाय को शुरू करने, एक वाणिज्यिक लीज पर हस्ताक्षर करने, व्यवसाय और व्यक्तिगत संपत्तियों की सुरक्षा करने, आदि जैसे विषयों पर प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण अंग्रेजी और स्पैनिश में उपलब्ध हैं।

# संसाधन

### शहरी अध्यापन केन्द्र [Center for Urban Pedagogy (CUP)]

www.welcometocup.org
ए गाइड टू वर्कर को-ऑप्स इन NYC सहित जटिल नीतियों और प्रक्रियाओं को सरल भाषा में बताने के लिए विवरणिकाओं और पुस्तिकाओं का प्रकाशन।

### हिब्रू फ्री लोन सोसायटी (Hebrew Free Loan Society)

www.hfls.org/loan-programs/microenterprise/
न्यूयॉर्क सिटी, लॉन्ग आइलैंड, और वेस्टचेस्टर के निम्न और मध्यम आय वाले निवासियों को व्यवसाय शुरू करने या उसको बढ़ाने के लिए ब्याज निःशुल्क सूक्ष्म उद्यम ऋण देना।

### नेबरहुड उद्यमी कानून परियोजना, NYC बार न्याय केंद्र (Neighborhood Entrepreneur Law Project, NYC Bar Justice Center)

212-382-6633 (मुख्य)
212-626-7383 (निःशुल्क कानूनी हॉटलाइन)
nelp@nycbar.org
व्यवसाय शुरू करने के लिए निम्न से मध्यम आय वाले सूक्ष्म-उद्यमियों के लिए कानूनी सेवाएं, जिनमें कर मुद्दे, अनुबंध और समझौते, वाणिज्यिक लीज़ वार्ता, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और पेटेंट शामिल हैं।

### रेनिसेंस इकोनॉमिक डेवलपमेंट कारपोरेशन (Renaissance Economic Development Corporation)

www.renaissance-ny.org
सामुदायिक विकास करने वाला वित्तीय संस्थान जो कम-ब्याज वाले व्यावसायिक ऋण देता है और उद्यमशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करके न्यूयॉर्क में आप्रवासी, निम्न-आय और मध्यम-आय वाले समुदायों की उन्नति के लिए समर्पित है।

### कानूनी सेवाओं के स्वयंसेवक (Volunteers of Legal Services)

347-521-5729
www.volsprobono.org/projects/microenterprise-project
छोटे व्यवसाय के मालिकों और सूक्ष्म उद्यमियों को समर्पित कर्मचारियों और प्रो-बोनो वकीलों के नेटवर्क द्वारा उच्च-गुणवत्ता वाली निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करने में मदद करता है।

## NYC सहकारी संसाधन:

### हरित श्रमिक सहकारी समिति (Green Workers Coop)

www.greenworker.coop
5 महीने का गहन प्रशिक्षण और समर्थन कार्यक्रम पेश करता है जो इच्छुक उद्यमियों की टीमों को कार्यकर्ता-स्वामित्व वाले ग्रीन व्यवसायों को विकसित करने में मदद करता है और प्रशिक्षण, कोचिंग और तकनीकी सेवाओं का एक साथ उपयोग करता है।

### श्रमिक सहकारी समिति का न्यूयॉर्क सिटी नेटवर्क [New York City Network of Worker Cooperatives (NYC NOWC)]

212-390-8178 (हॉटलाइन)
www.nycworker.coop
कार्यकर्ता सहकारी समितियों और सहकारी व्यावसायिक कौशल पर नेतृत्व विकास, प्रशिक्षण, कार्यशालाएं, व्यवसाय समर्थन और तकनीकी सहायता।

### श्रमिक न्याय परियोजना (Workers Justice Project) - मेक द रोड न्यूयॉर्क

347-889-6347
www.workersjustice.org
आप्रवासी अधिकार संगठन जो अन्य मुद्दों के साथ-साथ श्रमिकों के स्वामित्व वाली सहकारी समितियों के विकास, समर्थन और प्रचार के माध्यम से स्थायी नौकरियों के निर्माण के लिए कार्य करता है।

## ऑनलाइन उपकरण:

### न्यूयॉर्क बिजनेस एक्सप्रेस

www.businessexpress.ny.gov
आपके व्यवसाय और पेशेवर आवश्यकताओं में आपका मार्गदर्शन करने में मदद करता है। प्रश्नावली भरने पर यह व्यवसाय विज़ार्ड आपको अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक सभी चीज़ों की एक सूची प्रदान करेगा।

### NYC बिजनेस पोर्टल

www1.nyc.gov/nycbusiness

**चरणबद्ध प्रश्नावली**
चरणबद्ध प्रश्नावली भरें और अपने उद्योग के अनुसार व्यवसाय को शुरू करने और उसे संचालित करने के लिए आवश्यक शहरी, राज्य और संघीय लाइसेंस और परमिट की एक अनुकूलित सूची प्राप्त करें।

**प्रोत्साहन आकलनकर्ता (Incentive Estimator)**
प्रश्नावली भरें और आपके व्यवसाय के योग्य संभावित सरकारी प्रोत्साहनों और कर क्रेडिट की एक सूची प्राप्त करें।